बरेली, मंगलवार
28 जनवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

PAGE NO:IV MIDDLE

एसआरएमएस रिद्धिमा, गुडलाइफ, सीईटी सीईटीआर व आइएमएस में फहराया तिरंगा

जासं, बरेली : एसआरएमएस ट्रस्ट के बरेली, लखनऊ और उन्नाव स्थित संस्थानों में गणतंत्र दिवस मनाया गया। ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने बरेली में एसआरएमएस रिद्धिमा, एसआरएमएस गुडलाइफ, एसआरएमएस सीईटीआर, एसआरएमएस मेडिकल कालेज, एसआरएमएस सीईटी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, सेवानिवृत्त एयरमार्शल डा. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, प्रिंसिपल डा. जसप्रीत कौर, प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, प्रिंसिपल डा. मुथु महेश्वरी, डा. शैलेंद्र सक्सेना, डा. रीटा शर्मा ने महात्मा गांधी और स्वतंत्रता सेनानी राम मूर्ति के चित्रों पर श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित किए। इसके अलावा इंजीनियरिंग कालेज और मेडिकल कालेज की टीमों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच भी खेला गया। आदित्य मूर्ति की कप्तानी में सीईटी ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 195 रन बनाए। इसमें आदित्य मूर्ति ने 90 रन की नाबाद पारी खेली। जवाब में मेडिकल कालेज की टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 145 रन ही बना सकी।

एसआरएमएस में झंडा फहराते ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने • सौ. एसआरएमएस